
शहरी घास की आग। सुरक्षित रहें।



घास की आग बहुत जल्दी शुरू होकर फैल सकती है।

यदि आप किसी शहर या कस्बे के छोर पर निवास या काम करते/ती हैं, तो आप घास के मैदानों, पार्कों, खेतों या झाड़ियों के करीब हो सकते/ती हैं, जहां आग तेजी से फैल सकती है।

यदि घास की आग शुरू हो जाती है, तो आग से कम से कम दो सड़कें पीछे जाएँ।

यदि आप घास के मैदान से दो या तीन सड़कों की दूरी पर रहते/ती हैं और घास की आग शुरू हो जाती है, तो आप जहां हैं, वहीं रहें।

घास की आग के लिए निर्मित क्षेत्रों में फैलने की संभावना नहीं होती है।

धुआं या आग दिखाई देने पर गाड़ी न चलाएँ।

धुएं से देखने की क्षमता कम हो जाती है, और सड़कें बाधित हो सकती हैं।

आपातकालीन सेवाओं के लिए सड़कों को बाधामुक्त रखें।

अपडेट के लिए

VicEmergency ऐप को App Store या Google Play से डाउनलोड करें।

VicEmergency हॉटलाइन
1800 226 226

emergency.vic.gov.au पर जाएँ

हिंदी में और अधिक संसाधनों के लिए यहाँ जाएँ: **cfa.vic.gov.au/Hindi** और **frv.vic.gov.au/resources-in-languages-other-than-english**

CFA

FIRE RESCUE VICTORIA